

अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि एवं सादर नमन

13.06.1975 - 22.04.2024

# स्व. डॉ. निशांत गुप्ता जी

## एक सूरज था कि तारों के घराने से उठा, आँख हैरान है क्या शख़्स जमाने से उठा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उपेंद्र शंकर दास वैष्णव, मनीष वैष्णव, सुगंध एवं परिवार | सुधीर बाली, सुदेश बाली, संकेत बाली, प्राची बाली एवं परिवार | डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. वंदना बजाज एवं परिवार | डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता, डॉ. मोनालिसा गुप्ता एवं परिवार | संदीप सिंह एवं परिवार |
| डॉ. प्रेम मोहन झा एवं परिवार | डॉ. दीपक कोदेसिया एवं परिवार | डॉ. राहुल सिंह एवं परिवार | डॉ. मो. कलीम एवं परिवार | राजेंद्र नाथ, सौरभ खंडेलवाल एवं परिवार |
| चैतन्य गावड़े, विकास अग्रवाल, उपनीत झा एवं परिवार | मनोज कुमार गौतम विभव, रेहम एवं गौतम परिवार | अभिषेक पॉल, सन्नी शलभ, राहुल श्रीवास्तव एवं परिवार | विजय कुमार वर्मा, राहुल वर्मा, रोहित वर्मा एवं परिवार | जीतू यादव, डॉ. सचि यादव एवं परिवार |
| प्रभात कुमार ओझा, अजय कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह एवं परिवार | राहुल तोमर एवं परिवार | आशीष मिश्रा एवं परिवार | अर्पित जायसवाल, अमित गुप्ता एवं परिवार | शिव प्रताप सिंह, अशोक पटेल एवं परिवार |
| मो. परवेज, मो. फैज़ान एवं परिवार | मो. तस्लीम, मो. आकिब, हिबा खान एवं परिवार | मो. वाइज मलिक, कविता एवं परिवार | रचित माहेश्वरी, बंधन सक्सेना एवं परिवार | राहुल कुमार, राजेंद्र चरण एवं परिवार |
| राजेश राठौर, धर्मेंद्र शर्मा, अरविन्द कुमार, राकेश उपाध्यय एवं परिवार | राकेश, विपिन, अरविन्द, शुभम, दीपक, डॉ. अफजल एवं परिवार | यशपाल, राणा प्रताप, अभिषेक, रिषिकीर्ति, दीपक | संजय सिंह, बूंदपाल सिंह, पंकज कुमार एवं परिवार | .त्रिलोकी, नीरज, आनंद, आसिफ, अनुपम, दीपक |
| इरफान अहमद, नदीम इदरीसी, सद्दाम हुसैन एवं परिवार | अमित शर्मा, त्रिवेंद्र चौधरी, शाह आलम एवं परिवार | हुमैरा, निकिता, कपिल, अभिषेक, संतोष, कमल | शैलेन्द्र, जीतेन्द्र कुमार, उत्कर्ष, अश्विनी एवं परिवार | मनीष सिंह, शाहजानन्द मेडिकल डिवाइसेस, दिल्ली |
| सुमित कश्यप एवं परिवार | प्रदीप, सचिन, देवेश, कपिल एवं परिवार | खुशी ट्रेडर्स, बरेली | विवेक कुमार, इंडिया मेड्ट्रॉनिक लिमिटेड | अर्जु प्रताप सिंह, इन्वो मेडिक्स प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ |
| देवेश चंद श्रीवास्तव, देव सुर्गिकल्स, लखनऊ | राज कुमार सिन्हा, कार्डिओ केयर सिस्टम, लखनऊ | संजीव अग्रवाल, मेरिल लाइफ साइंसेज इंडिया प्रा. लि., दिल्ली | | |

वक्त के साथ जख्म तो भर जायेंगे, मगर जो बिछड़े
सफर जिन्दगी में फिर ना कभी लौट कर आयेंगे
– भावभीनी श्रद्धांजलि

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली
प्रहलाद सक्सेना, बरेली 9 mm
अरशद, सैंथल 6 mm & 4 mm
राम, बीसलपुर 12 mm
मिलने का समय
प्रात: 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

## चार दिन से लगातार बढ़ रहा तापमान, रात में भी नहीं मिल रही गर्मी से निजात

# अप्रैल में मई की गर्मी का अहसास, तापमान पहुंचा 37 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मौसम की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। अधिकतम तापमान में वृद्धि हो ही रही है, वहीं न्यूनतम तापमान भी अब उछाल मारने लगा है। अप्रैल में ही तापमान ने मई-जून की गर्मी का एहसास करा दिया है। चिलचिलाती धूप से इंसान ही नहीं, पशु पक्षी भी बेहाल दिख रहे हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो माह के आखिर तक तापमान 40 डिग्री के पार होगा। जो अभी और परेशान करेगा।

मंगलवार को हनुमान जयंती के दिन अप्रैल माह में सबसे गर्म दिन रहा। पारा 37.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान गरम पछुआ हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ाती रहीं। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में अभी तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मंगलवार को सुबह सात बजे से ही चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान करती रही। गर्म हवाओं के थपेड़े सहते हुए तपती सड़क से गुजर रहे लोग बेहाल दिखे। दस बजे से आसमान से आग बरसने लगी। गर्म हवाएं बदन को झुलसा रही थीं। जिससे दोपहर होते ही शहर के व्यस्त बाजारों में भी सन्नाटा पसरा दिखा। कोई चश्मा तो कोई सिर पर गमछा लपेटे धूप से बचाव करता रहा। आलम यह रहा कि कूलर और पंखे से निकलने वाली हवा भी गर्म रही। दोपहर से चलने वाली हवाएं भी लू का एहसास करा रही है। डॉक्टरों की सलाह है कि अपने शरीर का ख्याल रखें। अधिक से अधिक पानी पीएं।

**इस तरह रहा जिले का तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 15 अप्रैल | 34.5 | 21.7 |
| 16 अप्रैल | 35.4 | 21.7 |
| 17 अप्रैल | 36.3 | 22.5 |
| 18 अप्रैल | 36.7 | 22.6 |
| 19 अप्रैल | 36.4 | 23.8 |
| 20 अप्रैल | 36.9 | 23.5 |
| 21 अप्रैल | 37.3 | 24.0 |
| 22 अप्रैल | 37.6 | 24.5 |
| 23 अप्रैल | 37.8 | 23.7 |


चेहरे को अंगोछे से ढककर जाता साइकिल सवार।


भीषण गर्मी के बीच हाथों में दस्ताने, चेहरे पर दुपट्टा बांधकर जाती स्कूटी सवार महिला।


बच्चे को कैप पहनाकर धूप से बचाकर ले जाती महिला।

अप्रैल में प्रतिदिन तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। माह के आखिर तक 40 डिग्री के ऊपर तापमान पहुंच सकता है। वर्ष 2023 में तापमान सामान्य स्थिति में रहा था। इस बार मौसम कुछ ज्यादा गर्म बना हुआ है

– डॉ. एसएस ढाका, कृषि वैज्ञानिक

## नए शैक्षिक सत्र में छात्रों को दी जाएगी व्यावसायिक शिक्षा, तैयारियां शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को बनाया जाएगा हुनरमंद**

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में अब राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार का हुनर भी सिखाया जाएगा। इंटर के छात्र-छात्राएं अपनी मनपसंद ट्रेड से व्यावसायिक प्रशिक्षण ले सकेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। डीआईओएस की ओर से राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों से डेटा जुटाया जा रहा है।

नए सत्र से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत राजकीय इंटर कॉलेजों में पांच ट्रेंड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नए सत्र में कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी व्यावसायिक ट्रेड की ट्रेनिंग ले सकेंगे। विद्यार्थियों को दो वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंटर पास होने के बाद विद्यार्थियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जिले में अभी तक किसी भी राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा नहीं दी जा रही है। मगर अब नई शिक्षा नीति के तहत जिले के 29 राजकीय इंटर कॉलेजों और करीब 50 से अधिक सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई कराई जाएगी। जिसमें छात्र-छात्राओ को रोजगारपरक कोर्स पढ़ाया जाएगा। ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि शासन के निर्देश और नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई शुरु कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसको लेकर राजकीय और सहायता प्राप्त स्कूल से डेटा जुटाया जा रहा है। इस शैक्षिक सत्र में यह कोर्स प्रारंभ करा दिए जाएंगे। इससे युवाओं को रोजगार मिलने में मदद मिलेगी।


पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भंडारे में प्रसाद वितरण करते प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना व अन्य।

# संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलवीरा..

## मंदिरों और घरों में हुआ पूजन, सुंदरकांड पाठ और हवन के बाद हुए भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद


पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रसाद चढ़ाते प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना।


पंचमुखी हनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद भर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। भक्तों ने व्रत रखते हुए बजरंग बली का पूजन किया। घरों और मंदिरों में भव्य सजावट करते हुए बाबा का गुणगान किया गया। जगह-जगह पूजन व हवन हुए। सुंदरकांड पाठ आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। शहर में कई स्थानों पर विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शहर के गांधी स्टेडियम रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सोमवार को शुरू किए गए रामायण पाठ का मंगलवार को समापन हुआ। प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना ने परिवार के साथ बाबा को छप्पन भोग लगाकर केक काटा। भजन संध्या में भक्त उमड़े। फिर भंडारा हुआ, जोकि देर शाम तक चला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर निधि सक्सेना, रीता सक्सेना, पार्थ सक्सेना, पंडित अमोघ मिश्रा, नंद किशोर कश्यप, रामेश्वर गंगवार आदि सेवा कार्य में लगे रहे। कांशीराम कॉलोनी ईदगाह में श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह 11 बजे सेवक विशाल ने बाबा का श्रृंगार किया। मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। पूजन अर्चना करते हुए केक काटा गया। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। इस मौके पर संतोख सिंह, मुकेश, रवि, मनीष, हर्ष, मोहित, हनी, बॉबी चौधरी, जानू शर्मा, शिवानी, कविता, रेनू आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री संकट मोचन बालाजी महाराज संकीर्तन दरबार की ओर से बिलगवां रोड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोहल्ला आसफजान में श्री संकट मोचन बालाजी महाराज पीलीभीत वाले बाबा के दरबार भी जन्मोत्सव मनाया गया। दिनभर भक्तों ने बाबा का गुणगान किया। महंत अखिलेश वशिष्ठ ने हवन किया, जिसमें भक्तों ने आहुतियां डालीं। इसके अलावा चावला चौराहा के पास स्थित हनुमान मंदिर में भी पूजन कराया गया। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद, रंगीलाल चौराहा, अर्धनारीश्वर मंदिर, समेत कई मंदिरों पर कार्यक्रम हुए।


बालाजी महाराज की पूजा करते सौरभ गंगवार।


बिलसंडा के खदनिया बाबा देवस्थल पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### प्रयागराज की कारोबारी ने खदनिया बाबा देवस्थल पर कराया भंडारा

**बिलसंडा।** आस्था को लेकर दूर दराज तक ख्याति अर्जित करने वाले नगर के सुप्रसिद्ध खदनिया बाबा देवस्थान पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रयागराज से पहुंची समाज सेविका व कारोबारी सविता सेठ, उनके पति अशोक सेठ ने विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसमें बीसलपुर के विधायक विवेक कुमार वर्मा, नगर पंचायत बिलसंडा चेयरमैन डीके गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। खदानिया बाबा देवस्थान पर सुबह भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विशाल भंडारा शुरू किया गया। सबसे पहले कन्याओं एवं ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा दी गई। श्रद्धालुओं ने हलवा खीर पूरी, भाजी, गंगाफल, छोले कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में पूर्व चेयरमैन वीना रानी गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अधिवक्ता रमेशचंद्र गुप्ता, विकास गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, राजीश गुप्ता, पूनम गुप्ता, शशि गुप्ता, डॉ.पंकज गुप्ता, पंकज जायसवाल, विष्णु गोस्वामी, रामेन्द्र गोस्वामी का विशेष सहयोग रहा।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# हनुमान मढ़ी पर हुआ भजन कीर्तन

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** नगर में कई मंदिरों पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। बीसलपुर रोड स्थित हनुमान मढ़ी एवं श्रीनिवास कुंज आश्रम पर भजन संध्या हुई। सुन्दर कांड समूह, भजन मंडली के सदस्यों ने ढोलक हारमोनियम की थाप पर पवन पुत्र हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम किए। सुंदरकांड की लीलाओं का वर्णन सुनाया गया। इसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

इस मौके पर रजनीश मिश्रा, राजेश मिश्रा राजू, अशोक शुक्ला, अरविंद शुक्ला, सचिन मिश्रा, सुंदरलाल, केके शुक्ला, मनोज वर्मा, भोलेनाथ जायसवाल आदि का सहयोग रहा। राष्ट्रीय हनुमान दल की इकाई ने नगर के हनुमान मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया। प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, आशीष सक्सेना एडवोकेट, वैभव सक्सेना, सौरभ जायसवाल गोलू, बन्टू जायसवाल, रविंद्र कश्यप, करण श्रीवास्तव, हिमांशु मिश्रा, सचिन जायसवाल, उदित दुबे आदि मौजूद रहे।


बिलसंडा के हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करते भक्त। • अमृत विचार

- **श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से किया हनुमान चालीसा पाठ**

### बीसलपुर में धूमधाम से निकाली गई बालाजी शोभायात्रा

**बीसलपुर।** नगर में बालाजी धाम से हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कई जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। कोतवाली के नजदीक स्थित बालाजी धाम से परंपरागत तरीके से बालाजी महाराज की शोभायात्रा दोपहर में शुरू हुई। सबसे पहले बालाजी महाराज का पूजन किया गया। शोभायात्रा कोतवाली मार्ग से होती हुई तहसील, मठिया चौराहा, छोटा चौराहा, संकट मोचन मंदिर से मोहल्ला दुबे होते हुए गोपी टॉकीज, बारह पत्थर चौराहा से बालाजी धाम पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में गणेश, श्रीराम, हनुमान, राधा कृष्ण के की झांकियां शामिल रहीं। श्रद्धालु बालाजी महाराज की जय जयकार करते चल रहे थे। बालाजी धाम के पुजारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव के अलावा गौरव गुप्ता, शगुन रस्तोगी, सनी गुप्ता, शीतल मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव, सागर गुप्ता, सचिन वर्मा, सकटे लाल आदि मौजूद रहे।


बीसलपुर में बालाजी की शोभायात्रा में शामिल भक्त।

## सार-संक्षेप

### चीनी मिल ने हनुमान मंदिर पर कराया भंडारा



**बरखेड़ा।** बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा की ओर से मूसेपुर खुर्द गांव में माला नदी के किनारे स्थित हनुमान मंदिर पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर पर सुंदरकांड पाठ कराया गया। विधि विधान से हवन संपन्न कराया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।

### पूरनपुर में सजा बाबा का दरबार, निकाली शोभायात्रा



**पूरनपुर।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बालाजी का दरबार सजाया गया। दिल्ली और शाहजहांपुर से आए कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चुंगी वाले हनुमान मंदिर पर 21 अप्रैल को भव्य श्रीराम दरबार सजाया गया था। इस दौरान भजन कीर्तन हुए। मंगलवार को मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा पकड़िया चौराहे से होकर स्टेशन रोड, माधोटांडा रोड, मुख्य बाजार होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में आगे प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूप में सजे बच्चे रथ पर सवार थे। वानर सेना के रूप में बाल कलाकार भी सज धज कर यात्रा में शामिल हुए। बाला जी महाराज का दरबार सजाया गया। भजन कीर्तन कर बाबा का गुणगान किया। महंत शिवम कठेरिया ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। भक्त जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में भंडारा हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।





# बदलते मौसम में बढ़ा उल्टी-दस्त व डायरिया का खतरा

## सरकारी और निजी अस्पतालों में उमड़ रही मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ओपीडी में मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव, तेज धूप और खानपान में लापरवाही से मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और प्राइवेट अस्पताल सभी जगह मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बढ़ती संख्या देखकर चिकित्सक भी मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। बुखार, वायरल और डायरिया लोगों को चपेट में ले रहा है।

पिछले एक सप्ताह से मेडिकल कॉलेज में सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ डायरिया, उल्टी और दस्त के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। जिसका असर ओपीडी में देखा जा रहा है। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी एक हजार के पार रही। उसमें करीब 40 फीसदी डायरिया, उल्टी दस्त और बुखार आदि के मरीज रहे। अप्रैल के 22 दिनों में 78 बच्चों समेत 378 उल्टी-दस्त, डायरिया के मरीज अस्पताल आ चुके हैं। मंगलवार को सुबह से ही पर्चा काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। जिनमें बुखार, खांसी, सर्दी, डायरिया, उल्टी और दस्त के मरीज शामिल रहे। नौ बजे के बाद डॉक्टरों के चैंबर में भीड़ जुटना शुरू हो गई। सबसे ज्यादा भीड़ फिजीशियन, आंखों और चर्म रोग डॉक्टर के चैंबर में देखने को मिली। फिजीशियन के कमरों का आलम यह था कि एक-एक डॉक्टर ने 100 से अधिक मरीजों को देखा। जिस वजह से मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। दवा काउंटर पर भी भीड़ रही। चिकित्सक मरीजों को उपचार के साथ बचाव की सलाह देते रहे। तापमान में बढ़ोतरी, दूषित पानी, धूप में बिना बचाव के निकलना, पानी कम पीना आदि से मरीजों की संख्या बढ़ने की बात कही गई।


मेडिकल कॉलेज के दवा काउंटर पर लगी कतार। ● अमृत विचार

### त्वचा रोग के मरीजों में भी इजाफा

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। जिसके कारण वायरल और त्वचा के मरीजों की भी बढ़ोत्तरी हो रही है। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में डायरिया उल्टी दस्त के अलावा चर्म रोग के मरीजों की भी लाइन लगी रही। जिनमें अधिकतर मरीज ग्रामीण क्षेत्र के रहे। इनमें किसी के हाथ में खुजली, तो किसी के दाने निकल रहे थे। डॉ. एसपी सिंह ने ओपीडी में आए मरीजों को देखा और इलाज किया। उन्होंने बताया कि मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। जिसके चलते वायरल एवं खुजली, रेड कलर के निशान, डर्मेटाइटिस के मरीजों की संख्या बढ़ी है। खेतों में फसल की कटाई होने के कारण उक्त बीमारी के मरीज अधिक आ रहे हैं। आगे जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा और तेज धूप व लू चलेगी त्वचा के रोगियों की संख्या और बढ़ेगी। बीमारी से बचने के लिए चेहरे को ठंडे पानी से दिन में कई बार धोएं, खूब ताजा पानी पीएं, घर के बाहर निकलने पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें, हरी सब्जियों के साथ अंगूर और संतरा का अधिक सेवन करें।

### डॉक्टर की सलाह, धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि तापमान में बदलाव से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिसका असर बच्चों पर अधिक देखने को मिलता है। वायरल बुखार और डायरिया में दवाओं का सेवन के बाद करीब चार दिन में पूरी तरह से आराम मिलता है। इन मरीजों में डिहाइड्रेशन की वजह से हाथ-पैर में ऐंठन व दर्द की परेशानी होती है। यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है। बताया कि गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। लोग उल्टी-दस्त और पानी की कमी के भी शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि घर से खाली पेट न निकलें। धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें। अधिक तली-भुनी चीजों का प्रयोग न करें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाए, इसलिए कुछ देर में तरल पदार्थ जरूर लेते रहें।

### गर्मी से जुड़ी बीमारी के सामान्य लक्षण

- सूखे होंठ/चिपचिपा मुंह
- ज्यादा प्यास लगना
- बहुत ज्यादा पसीना आना
- कमजोरी/चक्कर आना
- मतली या उल्टी होना
- छोटे-छोटे छाले/चकत्ते
- हल्का बुखार
- सिर भारी होना

### इन बातों का रखें ख्याल

- जब तक बहुत ज्यादा जरूरी न हो, बाहर न निकलें।
- दिन में पहले या बाद में जब ठंडक हो तो कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें।
- अगर आप बाहर हैं, तो सनस्क्रीन लगाएं और छाया में रहने का प्रयास करें।
- टोपी और छतरी का उपयोग करें।
- डिहाइड्रेशन से बचने के लिए नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें।
- हल्के और ढीले कपड़े पहनें।
- पानी की बोतल और तौलिया साथ रखें।

"बदलते मौसम के चलते मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा डायरिया, उल्टी और दस्त के मरीज आ रहे हैं। डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों का ओपीडी में बैठकर इलाज करें। जरूरत पड़ने पर उन्हें भर्ती करें। दवाओं की उपलब्धता बनी हुई है। - **डॉ. संजीव सक्सेना**, सीएमएस पुरुष अस्पताल

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गांगूपुर निवासी छेदलाल मंगलवार को टिकरी बाजार में घरेलू सामान खरीदने साइकिल से आए थे। दोपहर में वापस घर जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज देने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### हादसे में तीन मौत मामले में ट्रक चालक पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी रामगोपाल ने बरखेड़ा थाने में दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल को उनकी मां उमेदी देवी, चाची चंद्रकली, उनके भाई गंगादीन के साथ टेंपो में सवार होकर क्योलड़िया डाम जा रहे थे। टेंपो में अन्य सवारियां भी बैठी थीं। नवादा और पतरासा गावं के बीच पहुंचते ही तेज गति से आ रहे ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। एक बाइक को भी टक्कर मारी। हादसे में उनकी मां, चाची और बाइक सवार एक अन्य महिला की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पत्नी को निकाल पति ने दी दूसरी शादी की धमकी

**अमरिया।** क्षेत्र के ग्राम पिंजरा बमनपुरी निवासी मेराजबीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह छह साल पहले गांव के ही हसनैन से हुआ था। दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर सुसरालिये प्रताड़ित करने लगे। 19 अप्रैल की रात आठ बजे पति हसनैन, सास रमेशमा, ननद यासमीन और शहाना ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति की दूसरी शादी कराने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# हैलो! मैं कृषि निदेशालय से बोल रहा हूं..:खाते में रुपए डाल दीजिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** हैलो! मैं कृषि निदेशालय से बोल रहा हूं, सोलर पंप के लिए आपका चयन हो गया है, खाते में रुपए डाल दीजिए। आजकल किसानों के पास कुछ इस तरह की ही फेक कॉल आ रही हैं। हालांकि कुछ जागरूक किसानों ने इसकी सूचना कृषि विभाग के अधिकारियों को दी तो विभाग किसानों को सतर्क कर ऐसी कॉल आने पर सूचना देने की अपील की है।

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत जनपद के किसानों द्वारा सोलर पंप की बुकिंग कराई गई है। इन किसानों को अब कृषक अंश की धनराशि जमा करना है। इसके बाद इन किसानों के बोरिंगों का सत्यापन करने के बाद सोलर पंप लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इधर कुछ जालसाज किसानों को फेक कॉल कर उन्हें चूना लगाने की तैयारी में जुटे हैं। यह जालसाज किसानों को फोन कॉल कर उन्हें सोलर पंप प्राप्त करने के लिए कृषक अंश की धनराशि जमा करने को खाता संख्या एवं आईएफएस कोड आदि की जानकारी देने के साथ धनराशि जमा करने को कह रहे हैं। कुछ जागरूक किसानों ने इस मामले की सूचना कृषि विभाग के अधिकारियों को दी है। इधर सूचना मिलने के बाद कृषि विभाग भी सतर्क हो गया है। कृषि उप निदेशक संतोष कुमार सविता ने किसानों को ऐसे अनाधिकृत फोन कॉल के बहकावे में न आने और सतर्क रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनाधिकृत कॉल की सूचना तत्काल कृषि विभाग के दूरभाष नंबर 7895431437 पर अवश्य दें। उन्होंने बताया कि सोलर पंप की बुकिंग विभागीय पोर्टल http:/upagriculture.com साइट के माध्यम से की जाती है। कन्फर्म होने पर अवशेष कृषक अंश की धनराशि भी पोर्टल से चालान/ऑनलाइन के माध्यम से जमा की जाती है।

# हादसे के बाद मारपीट, बाइक छीनने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** हादसे के बाद कुछ लोगों ने बाइक सवार की पिटाई कर दी। उसकी बाइक भी छीन ले गए। पुलिस तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम लखनऊ कलां निवासी परमेश्वरी दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई दोनेंद्र कुमार सोमवार को अपने साथी राजेंद्र कुमार के साथ बिठौराकलां गया था। शाम करीब पांच बजे वापस आते वक्त कुरैया ताल्लुके फूटाकुआं गांव के पास सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उनका भाई घायल हो गया। आरोप है कि दूसरे वाहन पर सवार लोगों ने हादसे के बाद मारपीट की। इसके बाद भाई की बाइक भी छीन ले गए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल दोनेंद्र को सीएचसी पर भर्ती कराया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामला एक्सीडेंट का है। जांच कराई जा रही है।

# एक्शन मोड में अफसर...रोजाना होगी जूम मीटिंग

**गेहूं खरीद**

- केंद्र प्रभारियों से दैनिक खरीद के साथ अगले दिन के टारगेट की ली जाएगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मंडी समिति में गेहूं की तौल करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चुनाव निपटने के साथ ही अब अफसर गेहूं खरीद को लेकर एक्शन मोड में आ चुके हैं। गेहूं खरीद की स्थिति जानने के लिए अब डीएम रोजाना ऑनलाइन मीटिंग लेंगे। वहीं केंद्र प्रभारियों से दैनिक खरीद के साथ अगले दिन की जाने वाली खरीद के लक्ष्य की भी जानकारी ली जाएगी। गेहूं खरीद में लापरवाही बरतने वाले 13 केंद्र प्रभारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस माह के शेष दिन अब कार्रवाई के नाम रहने वाले हैं।

शासन ने इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। जनपद में 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद की जा रही है। गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गेहूं के गैरजनपद ले जाकर बिक्री करने पर रोक लगाई जा चुकी है। जनपद की सीमा पर बैरियर लगाकर टीमें निगरानी कर रही हैं। उच्चाधिकारी रोजाना खरीद की समीक्षा भी कर रहे हैं। इसके बावजूद गेहूं खरीद की रफ्तार तेजी नहीं पकड़ पा रही है। इधर एक दिन पूर्व पूरनपुर मंडी में आए विशेष सचिव खाद्य अभिषेक गोयल ने गेहूं खरीद पर असंतोष जताते हुए नाराजगी भी जताई थी। उन्होंने गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों से कहा कि जब पैदावार अधिक है तो उस हिसाब से सिक्स आर क्यों नहीं काटा जा रहा है। कहीं न कहीं कुछ लापरवाही अवश्य है। इधर विशेष सचिव की नाराजगी के बाद अफसर अब एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। डिप्टी आरएमओ के मुताबिक गेहूं खरीद को लेकर जिलाधिकारी अब रोजाना ऑनलाइन मीटिंग लेंगे। गेहूं खरीद को रफ्तार देने के लिए केंद्र प्रभारियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी हो चुकी है। अब केंद्र प्रभारियों से दैनिक खरीद के साथ ही अगले दिन की जाने वाली गेहूं खरीद के लक्ष्य की जानकारी ली जाएगी। इधर मंगलवार को डीएम संजय कुमार सिंह ने डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला से गेहूं खरीद की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी आरएमओ ने डीएम को सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर सौंप दी है। ऐसे में जिम्मेदारों पर एक्शन होना भी लगभग तय माना जा रहा है।

### 13 केंद्र प्रभारियों पर हुई कार्रवाई

डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले में 145 क्रय केंद्र के माध्यम से अब तक 13802.50 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जोकि लक्ष्य के सापेक्ष 4.84 प्रतिशत हैं। सभी केंद्र प्रभारियों को खरीद तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। कम खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग के 13 केंद्र प्रभारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

# युवक लापता, देवहा नदी किनारे खड़ी मिली बाइक, अनहोनी की आशंका

- परिवार वालों ने किसी से रंजिश से किया इनकार
- बरखेड़ा पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी, कर रही तलाश

संवाददाता, बरखेड़ा


लापता युवक सलमान।

**अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से एक युवक लापता हो गया। वह घर से तरबूज लेने जाने की बात कहकर बाइक से निकला था, इसके बाद वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसकी बाइक देवहा नदी किनारे एक पेड़ के नीचे खड़ी मिली। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। परिजन से मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर चार के निवासी फरमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बड़ा भाई सलमान उर्फ शोएब (27) सोमवार दोपहर करीब दो बजे घर से यह कहकर बाइक से निकला था कि वह तरबूज लेने के लिए जा रहा है। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार वाले चिंतित हो गए। ग्रामीणों की मदद से कई जगह तलाश की गई लेकिन सलमान का कुछ पता नहीं चल सका। रात भर परिवार वाले उसे ढूंढने में लगे रहे। दूसरे दिन मंगलवार सुबह से ही दोबारा तलाश में जुट गए। नवाबगंज मार्ग पर देवहा नदी पुल की तरफ पहुंचे तो पुल के नीचे उतरने वाले रास्ते पर पेड़ के नीचे सलमान की बाइक खड़ी दिखी। आसपास तलाश किया, लेकिन सलमान कहीं नहीं मिला। जिससे परिवार को अनहोनी की आशंका सताने लगी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। परिजन ने किसी तरह की रंजिश से इनकार कर दिया। यह भी बताया कि सलमान अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया था। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से संपर्क कर जानकारी जुटाई, लेकिन कोई खास क्लू नहीं मिल सका है। उधर, परिजन की चिंता बाइक मिलने के बाद और बढ़ गई है।

"एक युवक के लापता होने की सूचना मिली है। उसकी बाइक भी बरामद हो चुकी है। परिजन से मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवक की बरामदगी के लिए टीम सुरागरसी कर रही है। - **अरविंद सिंह चौहान** इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# दहेज की खातिर नवविवाहिता की जान लेने की कोशिश

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने शादी के दो माह बाद ही विवाहिता की जान लेने की कोशिश कर डाली। बरेली पुलिस की मदद से मायके वालों ने विवाहिता को बंधनमुक्त कराया। अब बिलसंडा पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी प्राची जायसवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2024 को बरेली जनपद के बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गानगर निवासी गौरव जायसवाल से हुई थी। मायके वालों ने शादी में करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे। मगर ससुराल वाले खुश नहीं थे। कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करते रहे। कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर आठ अप्रैल को ससुरालियों ने पीटा। जानकारी मिलने पर पिता दस अप्रैल को ससुराल आए और समझाने का प्रयास किया। ससुराल वालों ने इस दौरान सादा कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। 13 अप्रैल की शाम को गले में फंदा लगाकर जान लेने की कोशिश की। कमरे में बंधक बना दिया। इसकी सूचना किसी तरह मायके वालों को दी गई। 14 फरवरी को मायके वाले ससुराल पहुंचे तो उन्हें उससे मिलने नहीं दिया गया। बरेली पुलिस की मदद से मायके वालों ने उसे बंधनमुक्त कराया। जबरन राजीनामा भी आरोपियों ने लिखवा लिया। बिलसंडा पुलिस ने पति पति, सास संध्या जायसवाल, ससुर प्रमोद जायसवाल, देवर हर्ष जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# लापता युवक और वृद्धा खुद पहुंचे घर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कुरैईया ताल्लुके नवदिया निवासी बाबूराम ने सोमवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनका पुत्र सुमित उर्फ सुनील गांव ज्योरह कल्यानपुर के एक बरात घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश कर रही थी। दूसरे दिन मंगलवार को लापता युवक खुद ही घर पहुंच गया। इस पर परिजन ने कार्रवाई से इनकार किया है। इसकी लिखित में सूचना पुलिस को दी गई है। वहीं, रिश्तेदारी में जाने के लिए निकली बर्रा मऊ गांव की निवासी 65 वर्षीया नत्थो देवी भी सकुशल घर पहुंच गईं। 17 अप्रैल को उनके पति श्यामलाल ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अब महिला के घर पहुंचने की सूचना परिजन ने देते हुए कार्रवाई से इनकार कर दिया है।

# अमेरिकी दूतावास से आई टीम ने राज्यमंत्री से की मुलाकात


राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से मुलाकात करती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अमेरिकी दूतावास से आए अभिराम घादियाल पाटिल, हीदी सीडराफ-जार्जो ने मंगलवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से उनके आवास पर मुलाकात कर 19 अप्रैल को फर्स्ट फेज में हुए लोकसभा चुनाव की स्थिति पर चर्चा की।

राज्यमंत्री ने बताया कि उक्त टीम ने लोकसभा चुनाव पारदर्शिता एवं शान्तिपूर्ण ठंग से सम्पन्न होने, प्रशासनिक एवं व्यवस्थाओं से जुड़ी बातों पर भी चर्चा की। अमेरिकी दूतावास की टीम प्रत्येक चुनाव में क्षेत्र में आती है। इस दौरान राज्यमंत्री की पत्नी रश्मि गंगवार ने पीलीभीत की पहचान बांसुरी जबकि राज्यमंत्री ने श्रीराम की प्रतिमा भेंट की।

# युवती की तलाश में आई तेलंगाना पुलिस, घर पर लटका मिला ताला

- करीब एक सप्ताह पहले प्रेमी से मिलने आ गई थी युवती

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** मोबाइल पर गेम खेलते खेलते तेलंगाना की युवती को पूरनपुर के एक युवक से इश्क हो गया। वह अपना घर परिवार छोड़कर पूरनपुर में प्रेमी के पास आ गई। परिजन से मिली शिकायत के बाद लोकेशन ट्रेस करते हुए युवती को बरामद करने के लिए तेलंगाना पुलिस आरोपी युवक के घर गई। मगर वहां पर ताला लटका मिला।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी युवक काफी समय से मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। इस दौरान हैदराबाद (तेलंगाना) की रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। करीब आठ दिन पहले युवती युवक के घर पहुंच गई। जिसके बाद शादी की तैयारियों का शोर भी मचा। उधर, युवती के घर से गायब होने पर उसके परिजनों ने तेलंगाना पुलिस से शिकायत कर दी। मोबाइल लोकेशन ट्रेस करते हुए तेलंगाना पुलिस मंगलवार को पूरनपुर पहुंची। पूरनपुर कोतवाली पुलिस को साथ लिया और कपूरपुर गांव में युवक के घर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक परिवार समेत युवती को लेकर मकान बंद कर भाग गया। पुलिस जब पहुंची तो मेनगेट पर ताला लटका मिला। आस पड़ोस के लोगों से संपर्क किया तो उन्होंने पुलिस को एक युवती के कई दिनों से घर पर होने की बात भी बताई।

"एक युवती के पूरनपुर क्षेत्र में होने के शक में तेलंगाना पुलिस आई थी। मगर वह नहीं मिल सकी। इस पर टीम ने दोबारा लोकेशन ट्रेस की और फिर तेलंगाना पुलिस वापस चली गई है। - **हरि सिंह पाल**, इंस्पेक्टर क्राइम पूरनपुर

**तैयारी**

1208 गांवों में दो लाख से अधिक किसानों के गन्ना रकवे का होगा सर्वे, इस बार केवल पौध गन्ने का होगा सर्वे, पेड़ी गन्ने का होगा सत्यापन, 15 जून तक होगा सर्वे कार्य

# गन्ना सर्वे में 114 टीमें जुटीं, 253 कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

- मतदान संपन्न होने के बाद गन्ना सर्वे के काम में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पूरनपुर के गांव गुलाबटांडा में सर्वे टीम से जानकारी लेते जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चुनाव निपटने के साथ ही जिले में गन्ना सर्वे का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। गन्ना सर्वेक्षण में पूरे जनपद में 114 टीमों को लगाया गया है। नई गन्ना सर्वेक्षण नीति के अनुसार इस बार केवल पौध गन्ने का सर्वे किया जाएगा, जबकि पेड़ी गन्ने का मात्र सत्यापन किया जाएगा। सर्वे 15 जून तक पूरा किया जाना है। जिला गन्ना अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने किए जा रहे सर्वे का निरीक्षण भी शुरू कर दिया है।

जनपद में हर साल करीब एक लाख हेक्टेयर के आसपास भूमि पर गन्ने की पैदावार की जाती है। इस बार भी बड़ी तादाद में किसानों ने गन्ने की फसल बोई है। शासन की ओर से नई गन्ना सर्वे नीति पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। सर्वे नीति आने के बाद लोकसभा चुनाव से पूर्व ही कर्मचारियों का प्रशिक्षित कर गन्ना सर्वे का कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन इसमें सिर्फ उन्हीं कर्मचारियों को सर्वे की जिम्मेदारी दी गई, जिनकी चुनाव में ड्यूटी नहीं लगी थी। इधर लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। गन्ना विभाग गन्ने सर्वे को लेकर तेजी से जुट गया है। सर्वे नीति के अनुसार इस वर्ष केवल पौधे गन्ने का सर्वे किया जा रहा है, जबकि पेड़ी गन्ने का केवल सत्यापन किया जाएगा। सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को जोन प्रभारी बनाया गया है। वहीं सभी चीनी मिलों के प्रधान प्रबंधक, महाप्रबंधक (गन्ना), मुख्य लेखाकार एवं मुख्य अभियंता भी अपने मिल क्षेत्र मे गन्ना सर्वे की जांच करेंगे।

### जिले को पांच जोन व 140 सर्किलों में बांटकर शुरू हुआ सर्वे

जिला गन्ना अधिकारी के मुताबिक गन्ना सर्वे के लिए 114 टीमें बनाई गई हैं। निर्धारित समय सीमा में सर्वे कार्य पूरा करने के लिए 253 कर्मचारियों को लगाया गया है। इसमें 63 राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, 51 समिति कर्मचारी एवं 139 चीनी मिल के सर्वे कर्मचारी लगाए गए हैं। यह टीमें 1208 राजस्व गांवों के 2,27,629 किसानों के गन्ना रकवे का सर्वे करेंगी। सर्वे के लिए पूरे जनपद में 140 अस्थायी सर्किल बनाए गए हैं।

### जहां मिली थीं शिकायतें, उन गांवों के सर्वे में बरती जाएगी सावधानी

गन्ना सर्वे के समय खेत उसी किसान के नाम अंकित किया जाएगा, जिसके नाम राजस्व अभिलेखों में भूमि अंकित होगी। यदि किसी कारण से सर्वे में किसी ऐसे किसान का नाम दर्ज हो जाता है, जिसके नाम से राजस्व अभिलेखों में भूमि अंकित नहीं है, तो ऐसे किसानों का गन्ना सर्वे विधिमान्य नहीं होगा। वहीं जिन गांवों में पिछले पेराई सत्र में गन्ना सर्वे से संबंधित अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं, ऐसे गांवों की सूची तैयार कर सर्वे कार्यों की जांच विशेष सावधानी से की जाएगी।

### डीसीओ ने गुलाबटांडा में सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

पूरनपुर। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने मंगलवार को गन्ना विकास परिषद पूरनपुर के गांव गुलाबटांडा में किए जा रहे गन्ना सर्वे का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की बारीकी से पड़ताल की। किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान गन्ना पर्यवेक्षक को सही सूचनाएं उपलब्ध कराएं। गन्ना सर्वे अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसी के आधार पर बॉन्डिंग होती है। जिसके बाद गन्ना पर्चियों का निर्धारण होता है। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, गन्ना विकास समिति पूरनपुर सचिव आरपी कुशवाहा, जोनल इंचार्ज पुष्पेंद्र सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक शैलेन्द्र पटेल समेत गन्ना किसान मौजूद रहे।

## हरि अनन्त हरि कथा अनंता के बारे में बताया

**उचौलिया ,अमृत विचार:** ग्राम डुड़ौलिया के शिव मंदिर में कथा व्यास आचार्य योगेश दीक्षित ने मैत्रेय विदुर संवाद की चर्चा में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवत्प्रेम और भगवान की भक्ति के ज्ञान बौना हो जाता है। उद्धव का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि उद्धव को वृंदावन भेजकर गोपियों से ज्ञान का सफल ऑपरेशन करके प्रेम की महत्ता स्थापित की। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि हरि अनन्त हरि कथा अनंता। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से सूरदास जी ने नेत्रहीन के बाद भी कृष्ण की लीलाओं को गाया। कृष्ण भक्ति मीरा नयन बंद कर भगवान को देखती थी। मुख्य यजमान जितेंद्र सिंह ने सपत्नीक भाग लिया। कन्या भोज और भंडारा हुआ।


आचार्य योगेश दीक्षित।

### पंप खराब होने के कारण बाल्टी से मैदान पर डाला जा रहा पानी, सूख रहे फुलवारी में लगे पौधे, उगी है घास

# लालपुर स्टेडियम में अव्यवस्थाओं के बीच खिलाड़ी कर रहे मशक्कत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम है। मगर, इसमें अव्यवस्थाएं इस कदर हावी हैं कि खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करना मुश्किल हो रहा है। मैदान पर उगी घास फूस खिलाड़ियों के लिए मुसीबत बन रही है। पंप भी खराब है। अन्य अव्यवस्थाएं भी हैं। मगर,जिम्मेदार सुधि नहीं ले रहे हैं।

शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर लालपुर में सालों पहले स्टेडियम बनकर तैयार हुआ। इसका उद्देश्य जिले में खिलाड़ियों को तैयार करना था, जिससे प्रदेश से लेकर देश स्तर पर जिले का नाम रोशन हो सके। मगर, जिम्मेदारों की अनदेखी का आलम यह है कि न तो आज तक खेलों के कोच मिल सके न ही स्टेडियम का रख रखाव ही बेहतर है। इसी वजह से खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने में भी असुविधा हो रही है।


लालपुर स्टेडियम के खेल मैदान पर उगी घास। ● अमृत विचार

- कई खेलों के नहीं मिले कोच खिलाड़ी खुद करते हैं अभ्यास
- अव्यवस्थाओं की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह


मैदान पर बाल्टी से पानी डालता युवक।

### पंप खराब, बाल्टी से डाला जाता है पानी

स्विमिंग पूल में पानी भरने से लेकर मैदान पर पानी का छिड़काव करने के लिए स्टेडियम में पंप लगा है, जो पिछले कई दिनों से खराब है। इससे स्टेडियम में पानी का जबरदस्त संकट खड़ा हो गया। मैदान में पानी का छिड़काव तक नहीं हो पा रहा है। इससे अभ्यास करने के लिए आने वालों को असुविधा होती है। ऐसे में युवक मैदान पर बाल्टी से पानी डालने के लिए मजबूर हैं।


पानी न मिलने से सूख रही फुलवारी। ● अमृत विचार

### सूख रही फुलवारी

स्टेडियम में फूलों के पौधे लगाए गए थे, जिससे मैदान की सुंदरता को चार चांद लगें। मगर, पंप खराब होने के कारण मैदान पर पानी की किल्लत हो गई है। इससे मैदान पर फुलवारी सूखने लगी है।

पंप का पैनल नया लगा है। इसमें कुछ तकनीकी दिक्कत आने से यह बंद है। पैनल गारंटी में है। इसलिए इसे बनवाया नहीं जा सकता। जिनसे पैनल खरीदा गया था, उन्हें अवगत करा दिया गया है। कंपनी से इंजीनियर आते ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। **–सुनील कुमार भारती**, जिला क्रीडा अधिकारी

# हम रोज गले तेरी तस्वीर से मिलते हैं

### चैती मेले में टीना परवीन और तस्लीम आरिफ ने जवाबी कव्वाली से बांधा समां


कव्वाली का आनंद लेते चेयरमैन विजय शुक्ल, राजा जफर उल्ला खान व अन्य लोग।


चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कव्वाली सुनातीं टीना परवीन। ● अमृत विचार

संवाददाता,गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर टीना परवीन और तस्लीम आरिफ ने दुनिया ये समझती है हम भूल गए उनको, हम रोज गले तेरी तस्वीर से मिलते हैं आदि सुनाकर समा बांध दिया। जवाबी कव्वाली सुनने के लिए श्रोताओं की भारी भीड़ रही।

मुख्य अतिथि राजा जफरउल्ला खान, विशिष्ट अतिथि मंजूर अली, धर्मेन्द्र गिरी मोंटी, जमील अहमद, मोहम्मद हनीफ खान कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत पूर्व सदस्य रईसुज्मा अंसारी उर्फ मुन्ना प्रधान और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिन्कू ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

जवाबी कव्वाली की शुरुआत टीना परवीन की हम्द (वंदना) से हुई- तू ही ईश्वर तू ही अल्लाह, कोई कहे कुछ कहे अपना तो है यह फैसला, तू ही ईश्वर तू ही अल्लाह । हम्द के बाद उन्होंने गजल पढ़ी- ये किसने कहा तुमसे तदबीर से मिलते हैं। अब दोस्त जमाने में तकदीर से मिलते है, भर दो झोली मेरी या मुहम्मद तेरे दर से मैं न जाऊंगा खाली , जर्रे को चट्टान बना दे या अल्लाह, हिंदू-मुस्लमान को इंसान बना दे या अल्लाह आदि सुनाई।

तसलीम आरिफ ने कुछ यूं फरमाया- बाहिदों के हंसी परिंदों के पर कतरना बहुत जरुरी है, जिंदगी को संवारने के लिए इश्क़ करना बहुत जरुरी है । कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर लोगों की वाह वाही लूटी ।जब तस्लीम आरिफ कोई शेर पढ़ते थे तो टीना परवीन उसका हाजिर जवाब देती थी। दोनों कव्वालों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम गुलाम पांडेय,राम मोहन सोनी, केके शुक्ल, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी, आनंद सोनी, सौरभ तिवारी, नानक चंद्र वर्मा, कफील अहमद, रज्जन खान आदि रहे।

### चैती मेले में आज

24 अप्रैल बुधवार को सांस्कृतिक मंच पर कपिल बावरा द्वारा रात आठ बजे से झांकी प्रस्तुत की जाएंगी।

## तौकीर का इंडिया गठबंधन को समर्थन मगर सपा को नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने एक तरफ इंडिया गठबंधन के समर्थन का एलान किया है तो दूसरी तरफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडिया गठबंधन में घुसपैठ बना लेने का आरोप लगाया है। कहा कि वह इसलिए समाजवादी पार्टी को छोड़कर इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे। मौलाना तौकीर का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय मोर्चा में कई छोटी पार्टियां अपने सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं। मोर्चा का मकसद है कि समान विचारधारा के 10 से 15 लोग चुनकर सदन में जाएं। अगर सरकार बनाने का मौका आएगा तो वे इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगे। कहा कि आरएसएस सिर्फ एनडीए नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन में भी काम कर रही है। उनका मानना है कि राहुल गांधी या लालू यादव कोई समझौता नहीं कर सकते लेकिन अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडिया गठबंधन में घुसपैठ कर ली है।

# मौसम का बदला मिजाज, गरज के साथ हुई बूंदाबांदी, किसान सहमे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से मंगलवार को बड़ी राहत मिली। सुबह बादल छा गए। गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। आसमान में होने वाली तेज गड़गड़ाहट ने किसानों के माथे पर पसीना ला दिया। किसान ओलावृष्टि की आशंका को लेकर खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को लेकर परेशान हैं।

जिले में कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। सोमवार को पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इससे बढ़ी उमस के कारण लोग बिलबिला उठे थे। कई दिनों से मौसम में भी उतार-चढ़ाव लगा हुआ था। सोमवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तड़के काले बादल छा गए। तेज गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी होने लगी। लोग भारी बारिश होने के साथ ही अतिवृष्टि होने का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन कुछ देर तक हुई बूंदाबांदी थम गई। बूंदाबांदी होने और बादलों के छाए रहने से मौसम काफी खुशनुमा हो गया। ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन दोपहर बाद आसमान साफ हो गया और चटक धूप निकल आई। हालांकि ठंडी हवा चलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उधर बूंदाबांदी होने और सुबह बादलों के छाए रहने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खिंच गई। गेहूं की गहाई को लेकर किसान काफी चिंतित दिखे।


आसमान में छाए काले बादल। ● अमृत विचार

- ठंडी हवा ने गर्मी से दी राहत दोपहर छटे बादल तो बढ़ी उमस

## पूर्व व उत्तर मध्यमा में 97 फीसद अंक लाकर आशीष व विपिन बने टॉपर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के साथ ही संस्कृत बोर्ड ने भी रिजल्ट घोषित किया। मगर, यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम के शोर में संस्कृत बोर्ड का रिजल्ट खामोश रहा।

सनातन धर्म आदर्श संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शास्त्री ने बताया कि पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में आशीष कुमार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। जबकि 96 प्रतिशत अंक लाकर विनीत कुमार दूसरे, 94 फीसद अंक लाकर सचिन अवस्थी और नितिन कुमार तीसरे नंबर पर रहे। उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट) में 97 प्रतिशत अंक लाकर विपिन कुमार ने विद्यालय टॉप किया । जबकि प्रशांत कुमार 94 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर हैं।



## मिड टर्म परीक्षा की तिथियों में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने मिड टर्म परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर में अंग्रेजी साहित्य और भाषा की मिड टर्म अब 27 अप्रैल को गृह विज्ञान की 2 मई को होगी। इसके अलावा षष्टम सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान की परीक्षा 27 अप्रैल को होगी। संशोधित कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा में कोई संशोधन नहीं किया गया है। छात्र-छात्राओं ने जिस विषय में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग और प्रोजेक्ट को चुना हैं उस विभाग में प्रभारी से प्रोजेक्ट जमा करने की अंतिम तारीख के लिए संपर्क करें।

## जिला टॉपर तेजस्वी को डॉ. कौशल ने किया सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के एक अस्पताल डायरेक्टर डॉ. कौशल वर्मा ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तेजस्वी नारायण शर्मा पुत्री कांशीराम शर्मा को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. कौशल शर्मा मंगलवार को छात्रा के आवास पर पहुंचे। छात्रा को शील्ड, प्रमाण पत्र ,मिठाई, डायरी कलम व सम्मान राशि भेंट की। छात्रा के पिता को गीता भेंट की। इस दौरान अधिवक्ता अनुज सिंह, प्रभात वाजपेई और हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।



# फुटपाथ पर दुकान लगाने पर विवाद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** चैती मेला में फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर दुकानदार और सभासद पति के बीच तीखी झड़प हो गई। इससे मौके पर भीड़ जुट गई। करीब एक घंटे तक नोकझोंक और बवाल होता रहा, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बाद में नगरपालिका के कर्मचारी पहुंचे और फुटपाथ पर लगी दुकान को हटा दिया। तब जाकर बवाल शांत हुआ।

चैती मेले में तमाम दुकानें फुटपाथ पर लगी हुई हैं। कुछ दुकानदारों ने तख्त आदि भी डाल रखा है। सोमवार की शाम एक सभासद के पति की झूले के पास फुटपाथ पर कुल्फी की दुकान लगाने वाले संतोष गुप्ता से कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे विवाद बढ़ गया। करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस तमाशबीन की तरह खड़ी रही। दुकानदार संतोष गुप्ता का आरोप है कि सभासद पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे अभद्रता और गाली गलौज की और उनकी दुकान को हटवा दिया जबकि अन्य कई दुकानें फुटपाथ पर लगी रही। बता दें कि इससे पहले मूर्ति विक्रेता ने भी अभद्रता के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।


मेले में विवाद के दौरान लगी भीड़। ● अमृत विचार



नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्राली में तख्त लादते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- करीब एक घंटे तक चला हंगामा मूक दर्शक बनी रही पुलिस

# नाथ नगरी से बुद्ध नगरी के लिए हवाई सेवा को मंजूरी

बरेली कार्यालय

- 50 फीसदी अनुदान की वजह से करीब तीन हजार रुपये में बरेली से कुशीनगर आ-जा सकेंगे
- चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की बन रही योजना

**अमृत विचार :** नाथ नगरी यानी बरेली हवाई अड्डे से सीधे बुद्ध नगरी के कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा को मंजूरी मिल गई है। जिसका ट्रायल होना है। नियमित सेवा के लिए जून तक इंतजार करना होगा। टिकट दर पर 50 प्रतिशत अनुदान होने से करीब तीन हजार रुपये में लोग बरेली से कुशीनगर आ जा सकेंगे। इससे पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड, पूर्वांचल, बिहार के विभिन्न जगहों पर रहने वाले लोगों को फायदा होगा। वहीं, अभी अन्य बड़े शहरों के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की कार्ययोजना बनाई गई है।

बरेली एयर पोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक उड़ान सेवा होने से लोगों को सहूलियत मिलेगी। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवा शुरू होने से किराया काफी कम होगा, क्योंकि इसमें 50 प्रतिशत का अनुदान होता है। जेट विंग्स की एयरवेज की उड़ान की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि करीब दो महीने में हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। बताया कि आने वाले समय में चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की योजना है। बरेली हवाई अड्डे से कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक हवाई सेवा होने से कई इलाकों के लोगों काफी फायदा होगा। उत्तराखंड के नैनीताल,ऊधम सिंह नगर, पश्चिमी यूपी के बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, नेपाल जाने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, पिता-पुत्र की मौत, 21 घायल

संवाददाता, तिलहर(शाहजहांपुर)

- तिलहर-निगोही रोड पर बड़ेपुर मोड़ के पास हुआ हादसा
- बच्चे के मुंडन संस्कार में गए थे परिजन और रिश्तेदार

**अमृत विचार:** मुंडन संस्कार से लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली तिलहर निगोही रोड पर मंगलवार रात बड़ेपुर मोड़ के पास पलट गई। इस हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। मौके पर तिलहर, जैतीपुर, कटरा, खुदागंज का पुलिस बल पहुंच गया। घायलों को एंबुलेंस से तिलहर सीएचसी भेजा गया। जहां से सभी को जिल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के गांव बिहारीपुर-अजमाबाद निवासी अमित कुमार के छह माह के बेटे दीपक कुमार का मंगलवार को मुंडन संस्कार था। परिवार व रिश्तेदार और गांव की महिलाएं, बच्चे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली से मुंडन संस्कार में शामिल होने तिलहर के कपसेड़ा स्थित जानकी महाराज मेला में गईं थीं। अमित कुमार के पिता 62 वर्षीय मुरली व अन्य लोग भी थे। मुंडन संस्कार निपटने के बाद लोगों ने मेले में खरीदारी की और फिर शाम को वहां से सभी लोग चल दिए। रात करीब 8:15 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली तिलहर-निगोही रोड पर आगे पीछे तेज रफ्तार दौड़ रहे थे, इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया।

जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे लोग घायल हो गए और चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में आसपास गांव के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को बाहर निकालकर उन्हें एंबुलेंस से तिलहर सीएचसी पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विशाल प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए।

कुछ ही देर में थाना जैतीपुर, कटरा और खुदागंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को सीएचसी पहुंचने के लिए एंबुलेंस में लादा जा रहा था, तो उनमें शामिल अमित कुमार की सांसे थम चुकीं थी। उनके पिता मुरली ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। तिलहर सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों का इलाज शुरू कर दिया। ज्यादातर लोगों की हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में मासूम दीपक कुमार और उसकी मां रूचि समेत 21 लोग घायल हुए हैं।


क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर व मौके पर पहुंचीं विधायक सलोना कुशवाहा व अन्य लोग।

## नेपाल सीमा पर दो तस्कर गिरफ्तार 390 ग्राम नशीला पाउडर बरामद

**पलिया कलां, अमृत विचार :** थाना पलिया पुलिस और कवच सेल ने भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 390 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है।

सीओ यादवेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पलिया विवेक उपाध्याय व नेपाल सीमा पर गठित कवच सेल ने अंकित माल्या उर्फ ड्रग्स किंग (25) निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम और विक्की गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली (32) निवासी मोहल्ला सिंगहिया थाना पलिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी अंकित माल्या उर्फ ड्रग्स किंग के पास से 260 ग्राम और विक्की गुप्ता के पास से 130 ग्राम नशीला पाउडर और दोनों के पास से 16 हजार रुपये भारतीय, 19,300 रुपये नेपाली, दो आईफोन बरामद किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।


ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी।

## संचारी रोग नियंत्रण में पीलीभीत को 52वां स्थान

**बरेली,अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिला काफी पिछड़ गया है। शासन की ओर से जारी रैंकिंग में जिला प्रदेश में काफी नीचे 60वें पायदान पर है। वहीं मंडल के जिलों की भी स्थिति ठीक नहीं है। जिले में एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तीसरे सप्ताह में बरेली को प्रदेश में 60वां स्थान मिला है। इसके अलावा बदायूं को 31वां, शाहजहांपुर को 40वां और पीलीभीत को 52वां स्थान दिया गया है। प्रदेश के 25 सबसे खराब जिलों में मंडल के दो जिले बरेली और पीलीभीत शामिल हैं।

IS 15700:2005

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
सिविल लाइन्स, बदायूं

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/ खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | स्व. सचिन धींगड़ा पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा | भूखण्ड सं.- जी-37 सिविल लाइन्स यो.सं.-2, भाग-2, बदायूं | 07.11.2022 | श्री सीमा रानी धींगड़ा पत्नी श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा | श्रीमती शीनू धींगड़ा, श्री ओमांश धींगड़ा, श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा | माता |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

